Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 17 नवंबर, 2023

राष्ट्रीय एपिलेप्सी (मिर्गी) दिवस

मस्तिष्क विकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी से जुड़े मिथकों को तोड़ने के लिये भारत में प्रतिवर्ष **17 नवंबर को राष्ट्रीय एपिलेप्सी (मिर्गी) दिवस** मनाया जाता है।

- **एपिलेप्सी (मिर्गी) एक केंद्रीय तंत्रिका तंत्र संबंधी विकार है,** इसमें मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य हो जाती है, जिससे दौरे या असामान्य व्यवहार, संवेदनाएँ और कभी-कभी अभिज्ञता संबंधी हानि होती है।
    - **मस्तिष्क तंत्रिका कोशिका नेटवर्क के साथ व्यवस्थित विद्युत** आवेग उत्पन्न करता है, लेकिन मिर्गी में यह संतुलन बाधित हो जाता है और इस प्रकार यह चेतना, गतिविधियों या संवेदनाओं को प्रभावित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 50 मिलियन लोग एपिलेप्सी से ग्रसित हैं, और भारत में मिर्गी से पीड़ितों का हिस्सा लगभग 10-20% है।
- असामान्य मस्तिष्क गतिविधि के आधार पर मिर्गी के दौरों को मोटे तौर पर **फोकल और सामान्यीकृत दौरों में वर्गीकृत** किया जाता है।
    - फोकल दौरे के कारण संक्षिप्त भावनात्मक परिवर्तन, अनैच्छिक गतिविधियाँ और चक्कर आना जैसे लक्षण हो सकते हैं।
    - सामान्यीकृत दौरे में घूरने, मांसपेशियों संबंधी झटके, नियंत्रण की हानि, मरोड़ और अचानक चेतना की हानि सहित विभिन्न लक्षण दिखाई देते हैं।
- प्रत्येक वर्ष फरवरी के दूसरे सोमवार को **अंतर्राष्ट्रीय एपिलेप्सी (मिर्गी) दिवस** (IED) के रूप में मनाया जाता है।

और पढ़ें... राष्ट्रीय एपिलेप्सी (मिर्गी) दिवस

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

16 नवंबर को मनाया जाने वाला **राष्ट्रीय प्रेस दिवस** भारत में बहुत महत्त्व रखता है क्योंकि यह **भारतीय प्रेस परिषद् की स्थापना** का प्रतीक है, जो पत्रकारिता नैतिकता और स्वतंत्रता के संरक्षक के रूप में कार्य करता है।

- अन्य वैश्विक प्रेस या मीडिया परिषदों के विपरीत **भारतीय प्रेस परिषद का अद्वितीय अधिकार राज्य के उपकरणों तक भी विस्तृत हुआ है,** जो प्रेस की स्वतंत्रता सुनिश्चित करता है।
- **वर्ष 1966 में शुरू की गई परिषद की सिफारिश वर्ष 1956** में पहले प्रेस आयोग द्वारा उद्योग हितधारकों वाले एक **वैधानिक निकाय** के माध्यम से पत्रकारिता में पेशेवर मानकों और नैतिकता को बनाए रखने के लिये की गई थी।

और पढ़ें...राष्ट्रीय प्रेस दिवस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-17-november,-2023